Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to start the admission procedure for SC & ST category PG Junior Resident Doctores in Bardoi.

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदौली): **माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे आज के शून्य काल में महत्वपूर्ण विषय को उठाने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ ।**

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार एवं स्वास्थ्य मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूँ कि पूरे देश में इस समय मेडिकल कॉलेजों में पीजी नीट में प्रथम वर्ष के जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स का प्रवेश रुका हुआ है, जिसके कारण अस्पतालों एवं स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टर्स की कमी महसूस की जा रही है । इससे स्वास्थ्य सेवा भी बाधित हो सकती है । मेरी जानकारी के हिसाब से पीजी नीट के प्रवेश को लेकर ईडब्ल्यूएस एवं ओबीसी वर्ग के डॉक्टर्स के बीच विवाद चल रहा है, लेकिन अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्ग में किसी भी प्रकार का विवाद नहीं है ।

अत: माननीय अध्यक्ष जी, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के पीजी जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स का प्रवेश प्रारम्भ करवा दिया जाए, ताकि अस्पतालों में हो रही डॉक्टर्स की कमी को कम किया जा सके ।